देव बड़ा आला है,
बाबा बड़ा भोला भाला है,
पहने है सर्पो की माला,
मेरा भोला बड़ा है निराला,
मेरा भोला बड़ा है निराला।।

तर्ज राम नाम जपते है।

तन पे विभूति है माथे पे चंदा,
इनकी जटाओ में बहती है गंगा,
भांग की खुमारी है,
भोले जी को प्यारी है,
पीते है भर भर के प्याला,
मेरा भोला बड़ा है निराला,
मेरा भोला बड़ा है निराला।।

आक धतूरे का भोग लगाये,
धुनी रमाये और डमरू बजाये,
बाघम्बरधारी है,
नंदी की सवारी है,
बैठे बिछाए मृगछाला,
मेरा भोला बड़ा है निराला,
मेरा भोला बड़ा है निराला।।

हर्ष हमारे है भाग्य विधाता,
भूतो के स्वामी है भक्तो के दाता,
भोले त्रिपुरारी है,
महिमा बड़ी भारी है,
अपने भगतो का रखवाला,
मेरा भोला बड़ा है निराला,
मेरा भोला बड़ा है निराला।।

देव बड़ा आला है,
बाबा बड़ा भोला भाला है,
पहने है सर्पो की माला,
मेरा भोला बड़ा है निराला,
मेरा भोला बड़ा है निराला।।

Singer Saurabh-Madhukar

Source: https://www.bharattemples.com/dev-bada-aala-hai-baba-bhola-bhala-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples

Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw